# प्रादेशिक समाचार
## दिनांक– 08.06.2025 (दोपहर–1310 बजे)

**मुख्य समाचार**

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि विकसित भारत के निर्माण में नारी भाक्ति की भूमिका परिवर्तनकारी, ग्यारह वर्षों से सरकार दे रही है महिलाओं के नेतृत्व पर ध्यान।**
2. **जेएसएससी में झारखंड महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता 2023 की मेधा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच 11 जून से।**
3. **कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू आज सिमडेगा में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष और मंडल अध्यक्षों के साथ करेंगे बैठक।**
4. **भाकपा माले का दो दिवसीय राष्ट्रीय कन्वेंशन आज से रांची में, आदिवासियों के हितो सहित संस्कृति और सामाजिक मुद्दों पर होगी चर्चा।**
5. **16 दिनों की गर्मी छुट्टी के बाद कल से खुलेंगे राज्य के सभी सिविल कोर्ट ।**

*******************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि भारत को विकसित बनाने में स्त्री–शक्ति की परिवर्तनकारी भूमिका होगी इसके लिए सरकार पिछले ग्यारह वर्षों से महिलाओं के नेतृत्व पर अधिक ध्यान दे रही है। उन्होंने कहा कि विज्ञान, शिक्षा, खेलकूद, स्टार्ट–अप और सशस्त्र बल–– हर क्षेत्र में महिलाएं उत्कृष्ट प्रदर्शन कर दूसरों के लिए प्रेरणा–स्रोत बन रही हैं। राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन–एनडीए सरकार के 11 वर्ष पूरे होने के अवसर पर सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि एनडीए सरकार ने विकास में महिलाओं की सशक्त भूमिका के लिए कई महत्वपूर्ण पहलें की हैं। इनमें स्वच्छ भारत अभियान, जन–धन खातों के ज़रिए वित्तीय समावेशन और ज़मीनी स्तर पर महिलाओं का सशक्तिकरण करना शामिल हैं। श्री मोदी ने कहा कि उज्ज्वला योजना से घरों को धुआं–मुक्त बनाने में मदद मिली है।

*******************

झारखंड में शराब घोटाले की जांच कर रही एसीबी ने छत्तीसगढ़ के रायपुर के कारोबारी सिद्धार्थ सिंघानिया समेत कईको नोटिस भेजा है। एसीबी झारखंड ने शराब घोटाले से जुड़े मामले की शुरुआत जांच में पाया है कि सिद्धार्थ सिंघानिया की भूमिका तत्कालीन उत्पाद सचिव विनय कुमार चौबे के साथ मिलकर शराब नीति बनवाने में थी। इसके बाद उसने सचिव व अन्य पदाधिकारियों से मिली भगत कर प्लेसमेंट एजेंसियों का चयन कराया। एसीबी ने अपने नोटिस में 11 जून को सिद्धार्थ सिंघानिया को दिन के 10.30 बजे तक एसीबी मुख्यालय में जांच पदाधिकारी के समक्ष उपस्थित होने का नोटिस भेजा है।

*******************

झारखंड महिला पर्यवेक्षिका प्रतियोगिता 2023 की मेधा सूची के आधार पर अभ्यर्थियों के प्रमाण पत्रों की जांच 11 जून से की जाएगी। झारखंड कर्मचारी चयन आयोग के नामकुम स्थित कार्यालय में प्रमाण पत्रों की जांच सुबह 10 बजे से दिन के एक बजकर 30 मिनट के बीच प्रमाण पत्रों की जांच की जाएगी। अभ्यर्थियों को कहा गया है कि वे प्रमाण पत्रों के साथ एक घंटा पहले जांच स्थल पर पहुंचे।

*******************

भारत के शुभांशु शुक्ला सहित तीन अंतरिक्ष यात्री मंगलवार को फ्लोरिडा में नासा के कैनेडी अंतरिक्ष केंद्र से एक्सिओम स्पेस की चौथी मानव अंतरिक्ष उड़ान पर रवाना होंगे। करीब 28 घंटे की यात्रा के बाद ये मिशन बुधवार को भारतीय समय के अनुसार रात 10 बजे अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर उतरेगा। एक रिपोर्ट

*******************

कोडरमा के झुमरी तिलैया शहर में जल जमाव की स्थिति उत्पन्न ना हो इसे देखते हुए मानसून से पहले छोटे–बड़े सभी नालों की सफाई की जा रही है। नगर प्रशासक अंकित गुप्ता ने कहा कि मानसून में जल–जमाओ की समस्या से निजात दिलाने के लिए फूल प्रूफ प्लान तैयार किया गया है

*******************

पश्चिमी सिंहभूम जिले में 20 जून से गृह रक्षा वाहिनी के लिए एक हजार एक सौ छप्पन नए जवानों की बहाली की जाएगी।

*******************

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी के राजू आज प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष केशव महतो कमलेश के साथ सिमडेगा जाएंगे। वहां वे जिला कांग्रेस मुख्यालय में जिला अध्यक्ष, जिला पर्यवेक्षक, यूएलबी पर्यवेक्षक, ब्लॉक अध्यक्ष, ब्लॉक पर्यवेक्षक और मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद वे चाईबासा के सर्किट हाउस में कोल्हान क्षेत्र के नागरिक समाज कार्यकर्ताओं के साथ पेसा नियमों पर परामर्श में हिस्सा लेंगे।

*******************

भाकपा माले का दो दिवसीय राष्ट्रीय कन्वेंशन आज से रांची में शुरू हो रहा है। इसमें आदिवासियों के हितो से जुड़े मुद्दे, कार्पोरेट नीति, लोगो के संवैधानिक अधिकार, संस्कृति और सामाजिक मुद्दों पर चर्चा होगी। कन्वेंशन में माले के राष्ट्रीय महासचिव दीपंकर भट्टाचार्य सहित देश के आदिवासी आंदोलन से जुड़े नेता और सामाजिक राजनीतिक कार्यकर्ता शामिल होंगे।

*******************

खूंटी जिले में ग्रामसभा की बैठक कर किशोर किशोरियों को जागरूक किया जा रहा है। गांव की मुखिया ज्योति ढोढ़राय ने बताया कि किशोर किशोरी जो सही राह से भटक जाते है उन्हें कैसे जागरूक किया जाए, यह पंचायत प्रतिनिधियों के सहयोग से बताया जा रहा है।

*******************

16 दिनों की गर्मी छुट्टी के बाद कल से राज्य के सभी सिविल कोर्ट खुलेंगे। हाई कोर्ट के आदेश पर 24 मई से 7 जून तक गर्मी की छुट्टी घोषित की गई थी।

*******************

झारखंड में मानसून का प्रवेश अब 20 जून तक होने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र रांची के निदेशक अभिषेक आनंद के अनुसार बंगाल की खाड़ी में पिछले कुछ दिनों से कोई सिस्टम नहीं बनने की वजह से मानसून के प्रवेश में देरी हो रही है। उन्होने बताया कि 16 जून से बंगाल की खाड़ी में सिस्टम बनने की संभावना है। इधर, मौसम विभाग ने आज से 13 जून तक राज्य के कई जिलों में बारिश की संभावना जताई है। लेकिन यह भी कहा कि अगले दो दिनों तक अधिकतम तापमान में 4 डिग्री तक की बढ़ोत्तरी होने की संभावना है।

*******************

शिक्षा विभाग की ओर से स्कूली स्तर पर खिलाड़ियों को तराशने के लिए लिटिल चौंप्स फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाएगा। इसके लिए राज्य परियोजना निदेशक शशि रंजन ने सभी जिला शिक्षा पदाधिकारियों और जिला शिक्षा अधीक्षकों को पत्र जारी कर तैयारी का निर्देश दिया है। इस टूर्नामेंट में सभी कोटि के प्राथमिक विद्यालय, सरकारी सहायता प्राप्त प्राथमिक विद्यालयों और जैक द्वारा मान्यता प्राप्त विद्यालय हिस्सा लेंगे। 14 जून तक सभी विद्यालयों में, 20 जून तक प्रखंडवार और 25 जून तक जिला स्तर पर टूर्नामेंट होंगे। इसके बाद दो से चार जुलाई तक राज्य स्तरीय टूर्नामेंट का आयोजन कराया जाएगा।

*******************

नीदरलैंड्स के एम्सटलवीन में **एफ.आइ.एच प्रो लीग** हॉकी टूर्नामेंट में कल रात नीदरलैंड्स ने भारत को दो.एक से हरा दिया। भारत के कप्तान हरमन प्रीत सिंह ने पहला गोल करके भारत को बढ़त दिलाई। लेकिन बाद में नीदरलैंड्स के थिज वान डैम ने दो गोल दाग कर अपनी टीम को जीत दिला दी। भारत का अगला मुकाबला कल शाम छह बजे एक बार फिर नीदरलैंड्स से होगा।

******समाप्त********